(b) if so, what are the details thereof; and

(c) the number of such centres likely to be established in Madhya Pradesh?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SITARAM KESRI): (a) Yes, Sir.

(b) The scheme is under finalisation and is awaiting approval of the Planning Commission.

(c) Details of places where the centres will be established will be worked out on the finalisation of the scheme.

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोग

2581. **श्री अजीत जोगी :**
चौधरी हरि सिंह :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश राज्य की कुल जनसंख्या की तुलना में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के कितने प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से ऊपर हैं;

(ख) मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों का जीवन-स्तर सुधारने के लिए केन्द्रीय सरकार ने क्या कदम उठाए हैं; और

(ग) जनजातीय भाषाओं और संस्कृति के संरक्षण के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) :

(क) **अनुसूचित जाति**

ग्रामीण	शहरी
40.71	54.20

अनुसूचित जनजाति

ग्रामीण	शहरी
32.90	66.00

(ख) राज्य में अनुसूचित जातियों के लिए विशेष संघटक योजना और अनुसूचित जनजातियों के लिए आदिवासी उप-योजना कार्यान्वित की जा रही है। उन्हें विशेष केन्द्रीय सहायता द्वारा सुदृढ़ किया जाता है। इन निधियों का उपयोग अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त मैला ढोने वालों के पुनर्वास और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की शैक्षिक सहायता के लिए कल्याण मंत्रालय द्वारा अनेक केन्द्र प्रायोजित योजनायें भी कार्यान्वित की जा रही हैं।

(ग) सरकार शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आदिवासी भाषा और संस्कृति की रक्षा-संरक्षण हेतु पूरा ध्यान दे रही है। आदिवासी अनुसंधान संस्थान, भोपाल में आदिवासी कला और संस्कृति के परिरक्षण के लिए एक संग्राहालय है।

Rehabilitation of scavengers

2582. SHRIMATI VEENA VERMA: Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

(a) whether there was any scheme to identify scavengers in the country by July 31, 1992 under the National Scheme of liberation and rehabilitation of scavenger ;

(b) if so, the number of scavengers identified all over the country State/Union Territory-wise; and

(c) what arrangements have been made to provide vocational training to them?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SITARAM KESRI): (a) Yes Sir.

(b) The survey to identify scavengers and their aptitude for specified trades/occupations is still in progress.